Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 14-08-2006

Participants : Thummar Shri Virjibhai

an>

Title : Need to remove the ban on low cost diesel used by farmers in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के अंतर्गत जिलों एवं आसपास के जिलों में किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। देश में बिजली की कमी होने से किसानों को सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है और डीजल इतना महंगा हो गया है जिसके कारण किसान डीजल के प्रयोग से जो खेती कर रहा है, उसकी लागत बहुत ज्यादा है और खेती बाड़ी का व्यवसाय किसानों के लिए फायदे का व्यवसाय नहीं रह गया है। किसान पहले मिट्टी के तेल से ऊपर और डीजल से नीचे वाली क्वॉलिटी का तेल का उपयोग करता था जिसे कुड़ कहा जाता है। सरकार ने इस पर पाबंदी लगा दी है और सरकार ने इस कुड को बेचना भी बन्द कर दिया है। अगर इसी कुड को दोबारा किसानों को दिया जाए तो सिंचाई की समस्या से किसान निजात पा सकता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कुड पर लगी पाबंदी को तुरन्त हटाया जाए और यह कुड किसानों को उपलब्ध करवाए जिससे कम लागत पर किसान अपने खेतों को पानी दे सके।